Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

# प्रेस विज्ञप्ति

## राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज के द्वारा फैलिसिटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण एवं सेवायोजन सेल, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के द्वारा फैलिसिटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्थान के कुलसचिव महोदय डा0 बी0 डी0 के0 पात्रो जी ने छात्रध्छात्राओं को संबोधित करते हुए बहुप्रतिष्ठित कम्पनियों में चयनित छात्र–छात्राओं को शुभकामनायें दी। तत्पश्चात प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के प्रभारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय ने प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस वर्ष जहाँ नौकरियों पर संकट था और टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो और एचसीएल जैसे बड़े पैमाने पर भर्ती करने वाली कई कम्पनियों प्लेसमेंट ड्राइव नहीं चलाया, तब हमारे संस्थान 2023 बैच के उत्तीर्ण छात्रों ने 100 से अधिक प्लेसमेंट करने में कामयाब रहे जिसमें औसत वार्षिक पैकेज 06 लाख रूपये, अधिकतम 15 लाख वार्षिक पैकेज व न्यूनतम 04 लाख रूपयें के वार्षिक पैकेज पर चयनित हुए। चयनित श्रेष्ठतम छात्रों ने अपने अनुभवों और अध्ययन के बारे में संक्षिप्त और उपयोगी जानकारी अपने कनिष्ठो को दी। इलेक्ट्रानिक्स विभाग के केड़ेस में चयनित अभिजीत चौहान ने दिए गये इंटरव्यू और लिखित परीक्षा के बारे में जानकारी दी, सिविल विभाग के जूनियर इंजीनियर के पद पर चयनित आदित्य कुमार ने बताया कि सकारात्मक मन से नियमित अध्ययन से आप अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकते है। कम्प्यूटर एण्ड साइंस इंजीनियरिंग विभाग के शिवम शर्मा ने स्टार्ट–अप में चयनित होने के लिए विभिन्न स्किल्स के बारे में बताया।

समस्त शिक्षकगणो ने बहुप्रतिष्ठित कम्पनियों में चयनित श्रेष्ठतम छात्र–छात्राओं को सम्मानित करते हुए शुभकामनायें प्रदान की गयी । इसके उपरान्त प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के छात्र समन्वयकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के अन्त में डा0 अनुराग शुक्ला सहायक प्राध्यापक एप्लाइड़ साइंस के द्वारा शिक्षकगण, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों का धन्यवाद करते कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में डा0 बी0 डी0 के0 पात्रो, कुलसचिव, श्री राजीव कुमार, श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय सहायक प्राध्यापक इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग व श्री अरस्तू गौतम, श्री मुकुल सक्सेना, श्री रिषभ कश्यप, सहायक प्राध्यापक सिविल विभाग के साथ–साथ संस्थान के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज